# उज्जैन भूमि सौदों की न्यायिक जांच की मांग

## विशेष रिपोर्ट के बाद सरकार निशाने पर


जीतू पटवारी


उमंग सिंघार


मुकेश नायक

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 23 जून.मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उज्जैन और आसपास के क्षेत्रों में कथित बड़े पैमाने पर हुई भूमि खरीद-फरोख्त की स्वतंत्र एवं न्यायिक निगरानी में जांच कराने की मांग करते हुए राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं और भूमि सौदों के बीच संभावित हितों के टकराव पर सवाल उठाए हैं.**

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मुख्यमंत्री से उन आरोपों पर स्पष्टीकरण देने की मांग की, जिनमें उनके परिवार से जुड़े व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा भूमि खरीदे जाने की बात कही गई है. पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे भी उपस्थित रहे.

जीतू पटवारी ने द इंडियन एक्सप्रेस की जांच रिपोर्ट और सार्वजनिक दस्तावेजों का हवाला देते हुए दावा किया कि उज्जैन एवं आसपास के क्षेत्रों में लगभग 245 प्लॉटों में फैली 335 एकड़ भूमि कथित रूप से मुख्यमंत्री के परिवार से जुड़े व्यक्तियों और कंपनियों के नाम दर्ज है. उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2021 से 2025 के बीच करीब 253 एकड़ भूमि खरीदी गई, जिसमें केवल 2024-25 के दौरान 137 प्लॉटों में 168 एकड़ भूमि शामिल है.

कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के परिवार और उनसे जुड़ी कंपनियों की भूमि का पूरा विवरण सार्वजनिक करने तथा विकास परियोजनाओं और भूमि खरीद के बीच संभावित संबंधों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है. पार्टी ने कहा कि वह जनहित में इस मुद्दे को लगातार उठाती रहेगी.

> पटवारी ने कहा कि सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि जिन क्षेत्रों में बाद में सड़क, बायपास, कॉरिडोर और अन्य विकास परियोजनाओं की घोषणाएं हुईं, उन्हीं इलाकों में बड़े पैमाने पर भूमि खरीद की खबरें सामने आईं. उन्होंने उज्जैन-बदनावर रोड, उज्जैन-इंदौर रोड, पंचकोशी परिक्रमा मार्ग, उज्जैन-मक्सी रोड, उज्जैन-नागदा रोड, उज्जैन-देवास रोड तथा प्रस्तावित गरोठ ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का उल्लेख किया.

> उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि इस मामले ने शासन की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार भूमि खरीद में लगातार वृद्धि हुई और इसमें सिद्धिविनायक देवकॉन्स, मंगलमूर्ति इंफ्रा, श्री अन्नपूर्णा इंटरप्राइजेज तथा श्रेया डेवलपर्स जैसी कंपनियों के नाम सामने आए हैं.

# सिंधिया समर्थक सीमित, महिलाओं को खास तवज्जो

## ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को कार्यसमिति में नहीं मिला स्थान

### दबाव की राजनीति से अब भाजपा ने किया किनारा

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 23 जून. लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को भाजपा की बहुप्रतीक्षित प्रदेश कार्यसमिति घोषित कर दी गई. इस कार्यसमिति से भाजपा ने साफ संकेत दे दिया कि अब वह दबाव की राजनीति बर्दाश्त नहीं करेगी. चाहे दबाव बनाने वाले कितने ही ताकतवर क्यों न हो.**

अब भाजपा अपने संविधान के मुताबिक ही संगठन को आगे बढ़ाएगी. वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने महिलाओं को भरपूर तवज्जो देकर ये भी साबित कर दिया कि आने वाले दिनों में प्रदेश की राजनीति में महिलाओं का दखल और बढ़ेगा. उन्हें संगठन में 33 फीसदी स्थान देकर ये साफ संकेत दे दिया गया है कि अब लोकसभा और विधानसभा में भी उनकी 33 फीसदी की भागीदारी उनके दहलीज पर ही है. यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो हो सकता है कि संसद के अगले सत्र में ही महिलाओं को संसद और विधासभाओं में 33 फीसदी आरक्षण के साथ परिसीमन संबंधी विधेयक फिर पेश हो सकता है.

भाजपा ने जो प्रदेश कार्यसमिति घोषित की है, उसके लिए सोमवार देर रात मुख्यमंत्री निवास में आला नेताओं के बीच मंथन चला. इस मंथन में ही सूची को अंतिम रूप दिया गया. बताया जा रहा है कि कार्यसमिति में शामिल करने के लिए सिंधिया खेमे की ओर से 15 से अधिक नाम दिए गए थे, उनमें ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का भी नाम शामिल था, लेकिन जो सूची जारी की गई, उसमें तोमर का नाम शामिल नहीं है. सिंधिया खेमे से स्वयं ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा तुलसी सिलावट, गोविंद सिंह राजपूत, इमरती देवी, रक्षा सिरोनिया , गिर्राज दंडोतिया और ओपीएस भदौरिया ही स्थान बनाने में कामयाब हो सके हैं. भाजपा ने इस बार कार्यसमिति में कुल 35 महिलाओं को मौका दिया है. इनमें कांग्रेस से भाजपा में आई सविता दीवान का नाम भी शामिल हैं. एक केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर के अलावा प्रदेश की तीन महिला मंत्री को इसमें जगह दी गई है, इनमें संपतिया उईके, निर्मला भूरिया और कृष्णा गौर ही शामिल हैं.

### सीएम सहित 17 मंत्री शामिल

कार्यसमिति में सीएम डॉ. मोहन यादव के सहित 17 मंत्रियों को शामिल किया गया है. इनमें दोनों ही उप मुख्यमंत्री के अलावा टॉप फाइव कद्दावर मंत्री भी शामिल हैं. इधर केंद्रीय मंत्रियों में शिवराजसिंह चौहान,सिंधिया, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, दुर्गादास उइके, सावित्री ठाकुर को भी शामिल किया गया है. भाजपा के अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य के अलावा, नरोत्तम मिश्रा भी शामिल हैं. मिश्रा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की संभावित टीम के भी दावेदार हैं. कार्यसमिति में अलग- अलग क्षेत्रों के कद्दावर नेताओं को भी शामिल कर शक्ति संतुलन बनाने की कोशिश की गई है. बुंदेलखंड से गोपाल भार्गव, भूपेन्द्र सिंह जैसे कद्दावर नेताओं को स्थाई आमंत्रित में शामिल किया गया है, वहीं महाकौशल से ढाल सिंह बिसेन, गौरीशंकर बिसेन, नीता पटेरिया को पूरा सम्मान दिया गया है.

### महज एक मुस्लिम महिला शामिल

भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की जो सूची जारी की गई है, उमसें महज एक मुस्लिम महिला ही स्थान बनाने में कामयाब हो सकी हैं. सुश्री बिलकिस जहां को कार्यसमिति में सदस्य बनाया गया है.

### जसपाल अरोरा का नाम चर्चा में

भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की सूची में एक चर्चित नाम जसपाल अरोरा का भी है. ये भाजपा के कई नेताओं के लिए कानाफूसी का विषय बना हुआ है. मूल रूप से कांग्रेसी अरोरा अब भाजपा के हो गए हैं. बताया जा रहा है कि उनको लेकर स्थानीय स्तर पर ही विरोध शुरू हो गया है. भाजपा के एक और विवादित विधायक संजय पाठक को भी प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की टीम में शामिल किया गया है.

# रेत माफिया के खिलाफ कार्रवाई

## 525 से अधिक लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**मुरैना, 23 जून .राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य क्षेत्र में अवैध रेत खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मुरैना जिला प्रशासन और पुलिस ने व्यापक कार्रवाई करते हुए 525 से अधिक लोगों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है.**

वहीं अवैध रेत कारोबार से जुड़े 19 लोगों को जिलाबदर किया गया है.पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के निर्देशन में जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र पाल डावर तथा संबंधित एसडीओपी के मार्गदर्शन में विभिन्न थाना प्रभारियों ने चंबल नदी किनारे बसे गांवों में पहुंचकर अवैध रेत कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की.

# चोरी हुए जेवर बरामद, आरोपी गिरफ्तार

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 23 जून. मध्यप्रदेश पुलिस की त्वरित एवं तकनीक आधारित कार्रवाई का एक और प्रभावी उदाहरण सामने आया है।**



जबलपुर जीआरपी ने अमरकंटक एक्सप्रेस में चोरी हुए 10 लाख रुपये से अधिक मूल्य के जेवरात और अन्य सामान को घटना के मात्र दो घंटे के भीतर बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. रेल पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश ने बताया कि 22 जून को नर्मदापुरम जिले के इटारसी निवासी नीलेश मालपानी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ट्रेन क्रमांक 12853 अमरकंटक एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान उनकी पत्नी के पर्स से सोने के आभूषण, एप्पल एयरपॉड, नकदी तथा महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी हो गए हैं.

# जीआरपी का स्मार्ट पुलिसिंग प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 23 जून. बदलते अपराध स्वरूपों और आधुनिक चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) द्वारा आयोजित 15 दिवसीय विशेष स्मार्ट पुलिसिंग प्रशिक्षण शिविर का समापन पीटीआरआई प्रशिक्षण केंद्र, भोपाल में हुआ.**

समापन समारोह में विशेष पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) संजीव कुमार शमी तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (रेल) राजा बाबू सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. 8 से 22 जून तक आयोजित प्रशिक्षण में भोपाल, इंदौर और जबलपुर जीआरपी इकाइयों के आरक्षक से निरीक्षक स्तर तक के 30 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया. प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल को तकनीकी रूप से दक्ष, संवेदनशील और जनोन्मुख बनाना था.

शिविर में प्रतिभागियों को साइबर अपराधों की जांच एवं रोकथाम, फॉरेंसिक विज्ञान, मानवाधिकार संरक्षण, तनाव प्रबंधन तथा नागरिकों से प्रभावी संवाद स्थापित करने संबंधी विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया.

# भिण्ड में दो वाहनों की टक्कर में छह लोग घायल

**भिण्ड.** भिण्ड जिले के ऊमरी थाना क्षेत्र के खैरा श्यामपुरा गांव के पास हाईवे-552 पर सोमवार को दो वाहनों की टक्कर में छह लोग घायल हो गये. एक इको वाहन भिण्ड से उत्तर प्रदेश के गोपालपुर घाट पर आयोजित घाट पूजन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे श्रद्धालुओं को लेकर जा रहा था. शाम चार बजे के करीब खैरा श्यामपुरा गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसे टक्कर मार दी. हादसे के बाद वाहन सड़क किनारे खाई में पलट गया, जिससे उसमें सवार लोग घायल हो गए. दुर्घटना में छह वर्षीय आर्यन गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं उसकी 36 वर्षीय मां गुड्कोडी देवी को वाहन का कांच लगने से गंभीर चोटें आई.

# फायर करने वाले वन कर्मी पर कार्रवाई करने की मांग हुई तेज

## माचीकला गांव में अनायास राईफल से फायर करने का मामला गरमाया

फोलोअप

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 जून। सोनघड़ियाल बीछी बगदरा के माचीकला गांव में पिछले दिनों रविवार को जबरन ट्रैक्टर इंजन को अपने कब्जे में लेने के लिए की गई कोशिश का मामला गरमा गया। वहीं बीट गार्ड के द्वारा किये गये राईफल से हवाई फायर के मामले में उप संचालक संजय राष्ट्रीय उद्यान में जहां जांच टीम गठित किया है। वहीं बीट गार्ड एवं चौकीदारी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग जोर पकड़ लिया है।**

दरअसल ग्रामीणों का आरोप है कि सोनघड़ियाल अमला की क्षेत्र में दबंगई चल रही है। कई रेत माफियाओं पर मेहरवान हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण एक हाईवा वाहन का है। गढ़वा थाना पुलिस ने अभ्यारण्य क्षेत्र से रेत की चोरी करते पकड़ा था, लेकिन बाद में सोनघड़ियाल अमला ने रेत के सेम्पल में क्लीनचीट दे दिया है। आरोप है कि यह सब कुछ सीधी मुख्यालय से खेला हो रहा है। पिछले दिनों माचीकला में एक यादव परिवार के ट्रैक्टर इंजन को बीट गार्ड एवं चौकीदार जबरन घर से ले जाने के लिए कोशिश कर रहे थे, किंतु उनकी कोशिश नाकाम हो गई। मौके पर मौजूद ग्रामीण महिला व पुरूषो ने मोर्चा संभाल लिया। हालांकि इस दौरान बीट गार्ड ने राईफल से फायर भी किया। जबकि सूत्र भी बताते हैं कि ऐसी कोई भी तनावपूर्ण स्थिति नही थी, लोगों को डराने-धमकाने के लिए दबंगई पूर्वक सुरक्षा गार्ड ने राईफल से फायर करने लगा। अब यह मामला काफी तूल पकड़ता जा रहा है। वहीं वन कर्मियों का दावा है कि ट्रैक्टर सोन नदी से अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन करने जा रहा था। वन कर्मियों को देख रेता गिरा दिया। इधर ग्रामीणों ने बीट गार्ड एवं चौकीदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की है। वहीं पुलिस भी मान रही है कि बीट गार्ड ने गलत तरीके से ट्रैक्टर इंजन को अपने कब्जे में ले रहे थे और फायर करना भी गलत था। फिलहाल यह मामला जोर पकड़ लिया है। उप संचालक संजय टाइगर रिजर्व ने उक्त मामले की जांच के लिए टीम गठित किया है।

### इनका कहना

इस पूरे मामले पर संजय टाइगर रिजर्व के उप संचालक राजेश काना ने मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब देते हुये कहा कि घटना उनके संज्ञान में आई है। मामले की जांच के लिए टीम गठित कर गांव भेजी गई है, लेकिन रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण कई बार स्थानीय सहयोग नहीं मिल पाता। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि आखिर ऐसी कौन-सी परिस्थितियां थीं, जिनमें वनकर्मी को हवाई फायरिंग करनी पड़ी।

# ललितपुर यार्ड रिमॉडलिंग से कई ट्रेनें प्रभावित

**भोपाल,23जून. झांसी रेल मंडल के अंतर्गत वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बीना रेलखंड स्थित ललितपुर स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग का महत्वपूर्ण कार्य 1 जुलाई से 1 अगस्त तक किया जाएगा. यह कार्य प्री-नॉन इंटरलॉकिंग, इंटरलॉकिंग तथा पोस्ट-इंटरलॉकिंग चरणों में संपन्न होगा.रेल प्रशासन ने सुरक्षा एवं सुचारु परिचालन को ध्यान में रखते हुए इस अवधि में कई ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किए हैं.**



कार्य के चलते कुछ ट्रेनों को पूर्णत: निरस्त किया गया है. इनमें ललितपुर-बीना और बीना-ललितपुर पैसेंजर सेवाएं 10 से 21 जुलाई तक तथा भोपाल-खजुराहो और खजुराहो-भोपाल एक्सप्रेस 16 से 20 जुलाई तक निरस्त रहेंगी। इसके अलावा लखनऊ सिटी-एसएमवीटी बेंगलुरु, हुबली-योग नगरी ऋषिकेश सहित अन्य विशेष ट्रेनों के कुछ फेरों को भी रद्द किया गया है. यार्ड कार्य के कारण अनेक लंबी दूरी की ट्रेनों को परिवर्तित मार्गों से चलाया जाएगा. यशवंतपुर-हजरत निजामुद्दीन, तिरुपति-जम्मूतवी, जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन, हैदराबाद-निजामुद्दीन तथा विशाखापट्टनम-नई दिल्ली एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें बीना-रूठियाई- सोगरिया-बयाना-मथुरा मार्ग से संचालित होंगी. वहीं कई ट्रेनें झांसी के स्थान पर गुना, ग्वालियर, जबलपुर, सतना, मानिकपुर और कटनी मार्ग से चलाई जाएंगी.

# मादा बाघ शावक को बांधवगढ़ में छोड़ा

**उमरिया, 23 जून . उमरिया जिले स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सिवनी से लाई गई एक मादा बाघ शावक को मगधी रेंज के बहेरहा बाड़े में सफलतापूर्वक छोड़ दिया गया.**


फाइल फोटो

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि मंगलवार सुबह लगभग पांच बजे मादा बाघ शावक को बहेरहा बाड़े में मुक्त किया गया. यह बाघ शावक सिवनी जिले के दक्षिण वन मंडल क्षेत्र में एक जनहानि की घटना से जुड़ी थी तथा लगातार गांव के आसपास विचरण कर रही थी.उन्होंने बताया कि वन विभाग ने सोमवार को उसे पिंजरे में सुरक्षित पकड़ा था. इसके बाद वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी और अन्य अधिकारियों की निगरानी में उसे सिवनी से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व लाया गया. श्री सहाय ने बताया कि उप संचालक, सहायक संचालक मगधी, वन परिक्षेत्र अधिकारी मगधी तथा सिवनी से आए वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य वनकर्मियों की उपस्थिति में बाघ शावक को बाड़े में छोड़ा गया.

> क्षेत्र संचालक ने बाड़े में उसका निरीक्षण किया, जहां उसकी स्थिति सामान्य पाई गई। उन्होंने बताया कि बाघ शावक आराम से विचरण करती हुई देखी गई है. उन्होंने कहा कि मादा बाघ शावक की वैज्ञानिक तरीके से देखभाल की जाएगी तथा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में उपयुक्त समय आने पर उसे पुन: वन क्षेत्र में मुक्त किया जाएगा.

## पेज एक का शेष

# बीजेपी की कार्यसमिति घोषित

उन्होंने कहा कि भाजपा के मूल सिद्धांतों के अनुरूप सभी चयनित कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियों में सक्रिय भागीदारी देने पर जोर दिया गया है. कोठारी ने कहा कि आगामी समय में आवश्यकता अनुसार चर्चा कर विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जायेंगे. प्रदेश कार्यसमिति में ये शामिल: डॉ. मोहन यादव, शिवराजसिंह चौहान, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ल, डीडी उइके, सावित्री ठाकुर, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, राकेश सिंह, वीडी शर्मा, फग्गन सिंह कुलस्ते, नरोत्तम मिश्रा, लाल सिंह आर्य, अरविंद भदौरिया, संपतिया उइके, कुंवर विजय शाह, इंदर सिंह परमार, उदयप्रताप सिंह, तुलसीराम सिलावट, एदल सिंह कंसाना, निर्मला भूरिया, गोविन्द सिंह राजपूत, विश्वास सारंग, नारायण सिंह कुशवाह, चैनत्य कुमार काश्यप, भूपेन्द्र सिंह, कृष्णा गौर, संध्या राय, गणेश सिंह, हिमाद्री सिंह, कविता पाटीदार, सुमित्रा वाल्मिकी, माया नारोलिया, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, हरिशंकर खटीक, कमल पटेल, गजेन्द्र पटेल, रामेश्वर शर्मा, गिर्राज दंडोतिया, ओपीएस भदौरिया, विपिन गोस्वामी, रक्षा सिरोनिया, अभय चौधरी, इमरती देवी, वीरेन्द्र जैन, नरेन्द्र बिरथरे, महेन्द्र सिंह सिसोदिया, हरिशंकर यादव, विनोद पंथी, ललिता यादव, ममता गुप्ता, गौरव तिवारी, मनीषा पाठक, केपी त्रिपाठी, अखण्ड प्रताप सिंह, मृगेन्द्र सिंह, सरदेन्दु तिवारी, रीती पाठक, कुंवर सिंह टेकाम सहित कई अन्य शामिल थे.

# 200 करोड़ की वित्तीय हेराफेरी का आरोप

बताया जा रहा है कि एलएनसीटी ग्रुप के शैक्षणिक संस्थानों में फीस, छात्रवृत्ति और एजुकेशनल लोन से जुड़े वित्तीय लेनदेन में कथित अनियमितताएं ईओडब्लू की जांच में सामने आई है. इसके साथ ही छात्रों से बस शुल्क, हॉस्टल फीस सहित ली जाने वाली राशि निजी खातों में ट्रांसफर होने का भी आरोप है. ग्रुप से जुड़े छात्रों की स्कॉलरशिप राशि निर्धारित खातों में जमा करने के बजाय अन्य कंपनियों के खातों में भेजे जाने और जिन खातों में भेजा गया, वह बैंक खाते कल्चुरी कॉन्ट्रैक्टर्स लिमिटेड का होने का कथित तौर पर खुलासा हुआ है. ग्रुप की जांच करते हुए ईओडब्लू को यह भी जानकारी मिली कि शिक्षा और संस्थागत गतिविधियों के नाम पर लिए गए बैंक लोन का अन्य गतिविधियों में हुआ है.

# 27 जून से शुरू होगी पुणे-दानापुर अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस

**भोपाल.** यात्रियों को बेहतर और किफायती रेल यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रेलवे प्रशासन 27 जून से पुणे-दानापुर-पुणे अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन शुरू करने जा रहा है. गाड़ी संख्या 11431 प्रत्येक शनिवार को पुणे से रवाना होकर इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, प्रयागराज छिवकी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन होते हुए सोमवार को दानापुर पहुंचेगी. वहीं गाड़ी संख्या 11432 प्रत्येक सोमवार को दानापुर से चलकर मंगलवार को पुणे पहुंचेगी. यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर संचालित होगी. इटारसी में ट्रेन का ठहराव दोनों दिशाओं में 10 मिनट रहेगा. नई रेलसेवा से मध्यप्रदेश के यात्रियों को पुणे, भुसावल, जबलपुर, प्रयागराज और दानापुर जैसे प्रमुख शहरों के लिए सीधा रेल संपर्क मिलेगा. रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले समय-सारणी और आरक्षण की जानकारी प्राप्त करने की अपील की है.


मंत्रिपरिषद अनौपचारिक

## अल्पसंख्यक समुदाय से भी बड़ी संख्या में मिला समर्थन

# 9 लाख सुझाव, 90% यूसीसी के समर्थन में

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 23 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी लागू करने के लिए सभी जिलों में जन परामर्श बैठकें हो चुकी हैं. सभी जिलों में कार्य शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ.**



राज्य स्तरीय परामर्श 22 जून को भोपाल में हुआ. इसमें सभी आयोगों, विभागों, राजनैतिक दलों और धर्मगुरुओं से अलग-अलग बैठकें आयोजित कर मत लिया गया. लगभग 3.49 करोड़ एसएमएस यूसीसी के सुझाव आमंत्रित करने के लिए समग्र के हितग्राहियों को भेजें गए. नागरिकों के 9 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हो चुके हैं, 90 फीसदी से भी अधिक नागरिक यूसीसी के पक्ष में हैं. अल्पसंख्यक समुदाय का भी बड़ी संख्या में समर्थन प्राप्त हुआ है. विधेयक के प्रारूप पर समिति द्वारा विधि विभाग के साथ साझा रूप से कार्य किया जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में यह जानकारी दी.

बताया जा रहा है कि बैठक में यह भी साफ कर दिया गया है कि 5 जुलाई को यूसीसी की रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी जाएगी. राज्य सरकार ने हाई पॉवर कमेटी को रिपोर्ट सौंपने के लिए दो माह का समय दिया था, जिसकी अवधि 27 जून को समाप्त हो रही है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 19 मार्च से प्रारंभजल गंगा संवर्धन अभियान का 25 से 30 जून की अवधि में समारोहपूर्वक समापन होगा. भारत सरकार के जल संचय जन भागीदारी अभियान में मप्र का तीसरा स्थान है.

डिण्डौरी, खण्डवा तथा शहडोल देश के प्रथम 10 जिलों में तथा खण्डवा और इंदौर के नगरीय निकाय, देश के प्रथम 10 नगरीय निकायों में शामिल है. प्रदेश में अभियान में जल संरक्षण एवं संवर्धन में उल्लेखनीय कार्य हुए है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में समारोहपूर्वक समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाए.

अभियान के तहत किए गए कार्यों की प्रदर्शनी, भाषण, ग्राम पंचायत में जनभागिता से किए गए कार्यों का प्रेजेंटेशन किया जाए और जल के सदुपयोग की शपथ भी दिलाई जाए.

### गुरू पूर्णिमा पखवाड़ा मनेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में गुरू पूर्णिमा पखवाड़ा 15 से 29 जुलाई तक मनाया जाएगा. इस अवधि में सभी स्कूलों में अलग अलग शैक्षणिक, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं और गतिविधियां होंगी. इसमें जनप्रतिनिधि, पालक एवं विषय विशेषज्ञ शामिल होगें. इसमें विद्यार्थियों के विकास की कार्य योजना बनाई जाएगी.

# एटीवीएम मशीन से लें अनारक्षित टिकट

**भोपाल.** यात्रियों को त्वरित और सुविधाजनक टिकटिंग सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भोपाल मंडल ने ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया है. मंडल के 18 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर कुल 35 मशीनें स्थापित की गई हैं, जिनके माध्यम से यात्री स्वयं अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट तथा सीजन टिकट का नवीनीकरण कर सकते हैं.सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि मशीन का उपयोग बेहद आसान है. यात्री भाषा चयन, गंतव्य स्टेशन, यात्रियों की संख्या और ट्रेन श्रेणी का चयन कर यूपीआई, क्यूआरकोड, स्मार्ट कार्ड सहित विभिन्न डिजिटल माध्यमों से भुगतान कर टिकट प्राप्त कर सकते हैं. रेलवन मोबाइल ऐप से बुक किए गए पेपर टिकट का प्रिंट भी एटीवीएम मशीन से निकाला जा सकता है.

# सेफ क्लिक 2 .0 साइबर जागरूकता अभियान

**भोपाल 23 जून,** साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे के प्रति नागरिकों को जागरूक बनाने और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस बुधवार को राज्यव्यापी 'सेफ क्लिक 2.0' साइबर जागरूकता अभियान का शुभारंभ करेगी. रविन्द्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे, जबकि पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. अभियान के तहत विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा आमजन को ऑनलाइन ठगी, साइबर फ्रॉड और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े विषयों पर जागरूक किया जाएगा. साइबर सुरक्षा एवं बाल संरक्षण के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत बनाने के लिए इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए जाएंगे.

कार्यालय नगर परिषद् बिरसिंहपुर, जिला- सतना (म.प्र.)
Office,Nagar Parishad Birsinghpur, Dist.Satna (M.P.)
ddress:- Ward No. 03 Near Shiv mandi Dist. Satna M.P. -485226
Email:-cmobirsingpur@mpurban.gov.in

क्रमांक / 343 / न0प0/2026 बिरसिंहपुर, दिनांक 23/06/2026

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मध्य प्रदेश शासन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्र0 / 830/322279/2025/36 भोपाल, दिनांक 02/07/2025 में दिये गये दिशा निर्देश अनुसार निकाय स्वामित्व के स्मार्ट फिश पार्लर दुकान की अस्थाई दुकान किराये पर 05 वर्ष के दिया जाना है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 25/06/2026 से 13/07/2026 तक कार्यालय में निम्नलिखित शर्तों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते है :- 1. पात्रता हितग्राही मध्यप्रदेश का मूल निवासी हो। मत्स्य व्यवसाय कार्य में संलग्न व्यक्ति को प्राथमिकता दी जावेगी । 2. योजना के अंतर्गत निर्माण एवं कियान्वयन एजेन्सी को स्मार्ट फिश पार्लर के आवंटन (सामान्य/अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति) में शिथिलता प्रदान की जावें । 3. चयनित हितग्राही पार्लर आवंटन के फलस्वरूप अंशदान राशि एफ.डी./ बैंक गारंटी के रूप में निर्माण एजेंसी के पास जमा करने के पश्चात् राशि रू. 1000/- के स्टांप पेपर पर निर्धारित प्रारूप में 05 वर्ष हेतु अनुबंध निष्पादन करेगा। हितग्राही के द्वारा पार्लर समर्पित करने पर अंशदान राशि मूलत: उसे वापिस की जावेगी । 4. शेष शर्तें कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बिरसिंहपुर जिला- सतना (म0प्र0)